NT>

Title: Regarding patent of `Gomutra' by USA Scientists.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से जानना चाहता हूं कि कभी रघुवंश बाबू ने गौ-मूत्र के पेटेंट का सवाल उठाया था और कल ही हमने अखबार में देखा कि गांव की रहने वाली जो हमारी औरतें सदियों से हाथ की चक्की से गेहूं पीस-पीस कर लोगों को खाना खिलाती थीं, आज उसका भी पेटेंट करा लिया गया। इस तरीके से भारत का हल्दी, नीम, बासमती, जामुन और गौ-मूत्र जिसको पंच-द्रव्य कहा गया है-- गाय का दूध, घी, दही, गौ-मूत्र जो हमारी पुरानी चीजें हैं और जो सालों से हमारे देश में पैदा होती रही हैं, वह हमारे देश की सम्पत्ति है। उस पर अमरीका के लोग पेटेंट कराते जा रहे हैं। मैं भारत सरकार से जानना चाहता हूं कि जो हमारी पारम्परिक चीजें हैं, भारत सरकार उनके पेटेंट की कार्यवाही को क्यों नहीं रोक रही है? मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि भारत सरकार उस पर पेटेंट होने से रोक लगाए और सारे सदन को जानकारी दे।